# Newsletter Govt. Polytechnic Bhatapara

वर्ष-1 अंक-**2** अप्रैल-जून **2022**

**प्राचार्य आगमन-**

संस्था में डॉ. आई.सी. भारती सर का प्राचार्य पद पर आगमन दिनांक 04-04-2022 को हुआ | पूर्व प्रभारी प्राचार्य श्री विनोद वर्मा, HOD इलेक्ट्रिकल श्रीमति सुनीता तिवारी तथा सभी शिक्षकों ने पुष्पगुच्छ से सर का स्वागत किया |







ऑफलाइन क्लास टेस्ट-

संस्था में मई तथा जून 2022 में सिविल, इलेक्ट्रिकल  तथा मैकेनिकल चतुर्थ एवं अंतिम सेमेस्टर के विद्यार्थियों की ऑफलाइन क्लास टेस्ट का आयोजन किया गया जिसमे विद्यार्थियों की शत प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई |





## सब स्टेशन विजीट-

संस्था के इलेक्ट्रिकल विभाग की HOD श्रीमति सुनीता तिवारी, व्याख्याता श्री भूपेंद्र कुमार देवांगन, श्री अजय कुमार स्वर्णकार के निर्देशन में दिनांक 10 मई 2022 को भाटापारा बिजली विभाग के सब-स्टेशन का विजिट अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं को करवाया गया |







प्लेट लोड टेस्ट-

संस्था के सिविल विभाग के व्याख्याता सुश्री आकांक्षा देशमुख, श्री मनीष राज तथा अन्य सिविल विभाग के शिक्षकों द्वारा दिनांक 21-मई-2022 को सिविल द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के छात्र- छात्राओं को प्लेट लोड टेस्ट  करवाया गया |







**वेल्डिंग एवं कटिंग-**

संस्था में दिनांक 04-जून-2022 को मैकेनिकल विभाग के AWS श्री रोशन लाल कैवर्त के निर्देशन में अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं को वेल्डिंग एवं कटिंग का कार्य करवाया गया |










## इंटरव्यू स्कील पर व्याख्यान-

राष्ट्रीय सेवा योजना की नियमित गतिविधि के अंतर्गत दिनांक 09 जून 2022 को इंटर्व्यू स्किल पर एक व्याख्यान आयोजित किया गया। गोविंद सारंग विधि महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक डॉ. निधि मिश्रा ने छात्रों को साक्षात्कार हेतु अनेक महत्वपूर्ण बातें बतायी और कैसे अपने आप को परिस्थिति के अनुरूप तैयार रहना है समझाया। कार्यक्रम का संचालन रासेयो इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मोनिका जैन ने किया।










### साक्षात्कार को लेकर हुआ व्याख्यान



**भाटापारा/नवप्रदेश।** शासकीय पॉलीटेक्निक भाटापारा में राष्ट्रीय सेवा योजना की नियमित गतिविधि के अंतर्गत इंटर्व्यू स्किल पर एक व्याख्यान आयोजित किया गया। गोविंद सारंग विधि महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक डॉ. निधि मिश्रा ने छात्रों को साक्षात्कार हेतु अनेक महत्वपूर्ण बातें बतायी और कैसे अपने आप को परिस्थिति के अनुरूप तैयार रहना है उसकी बारीकी को समझाया। कार्यक्रम का संचालन रासेयो इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मोनिका जैन ने किया। इस अवसर पर संस्था के व्याख्याता अजय स्वर्णकार, दीपक गुप्ता आदि उपस्थित रहे। अंत में अभिषेक देवांगन ने आभार प्रदर्शन किया। संस्था के प्राचार्य डॉ. आई सी भारती ने सफल कार्यक्रम के लिए सभी को शुभकामनाएं दी।

## वित्तीय साक्षरता पर व्याख्यान-

संस्था में  दिनांक 13 जून 2022 को वित्तीय साक्षरता पर एक व्याख्यान आयोजित किया गया। श्री जफ़रुद्दीन, वित्तीय शिक्षा प्रशिक्षक, NISM  ने छात्रों को वित्तीय साक्षर कर अनेक महत्वपूर्ण बातें बतायी, कैसे अपने वित्त का सही निवेश करे, अपना भविष्य सुरक्षित रखें |








# Profile of the Principal



**Dr. I.C. Bharti**

B.E. (Mechanical Engineering),
M.Tech. (Heat Power, Mechanical Engineering),
Ph.D. (Mechanical Engineering)

अनुभव- 29 वर्ष

संस्था के वरिष्ठतम सदस्य एवं सम्माननीय प्राचार्य महोदय डॉ. आई.सी.भारती सर ने अपनी शासकीय सेवा का प्रारम्भ व्याख्याता मेकेनिकल इंजिनियरिंग के रूप में शास. पॉलीटेकनिक पचोर से की | तत्पश्चात शास. पॉलीटेकनिक शहडोल में 4 वर्ष, शास. पॉलीटेकनिक रायगढ़ में 8 वर्ष व्याख्याता के रूप में कार्यरत रहे | शास. पॉलीटेकनिक तखतपुर में व्याख्याता एवं प्रभारी प्राचार्य के रूप में 8 वर्षों तक कार्यरत रहे, साथ ही शास. पॉलीटेकनिक मुंगेली के प्रथम प्राचार्य के रूप में अतिरिक्त प्रभार में रहे | विभागाध्यक्ष के पदोन्नति पश्चात् शास. पॉलीटेकनिक जशपुर में प्रभारी प्राचार्य एवं विभागाध्यक्ष के रूप में कार्यरत रहे | शास. पॉलीटेकनिक अंबिकापुर में शास. पॉलीटेकनिक सूरजपुर ( प्रथम प्राचार्य के रूप में ) के अतिरिक्त प्रभार के साथ कार्यरत रहे | स्थानान्तरण पश्चात् 2 वर्ष प्रभारी प्राचार्य के रूप में शास. पॉलीटेकनिक बिलासपुर एवं शास. पॉलीटेकनिक महासमुंद में 2.5 वर्ष कार्यरत रहे | शास. पॉलीटेकनिक महासमुंद से पदोन्नति पश्चात् नियमित प्राचार्य के रूप में इस संस्था शास. पॉलीटेकनिक भाटापारा में दिनांक 04-04-2022 से सुशोभित हैं | संस्था को AICTE मापदंड के अनुरूप ढालना एवं शून्य कमियों के रूप में संस्था को अपग्रेड करना, अधिकारी/ कर्मचारी समन्वय एवं संस्था में बेहतर कार्य वातावरण स्थापित करना इनकी पहली प्राथमिकता होती है |

**पाठ्यपुस्तक प्रकाशित-** 1) कैडकैम, दीपक प्रकाशन, ग्वालियर
2) शक्ति संयंत्र अभियांत्रिकी, यूनिवर्सिटी बुक हाउस, जयपुर
3) ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग, यूनिवर्सिटी बुक हाउस, जयपुर

**अवार्ड-** 1) राष्ट्रीय स्तर - AICTE प्रथम पुरस्कार 4 मई- 2018
तकनीकी पाठ्यपुस्तक पुरस्कार योजना वर्ष 2015-16
2) राष्ट्रीय स्तर - AICTE द्वितीय पुरस्कार – 2019
तकनीकी पाठ्यपुस्तक पुरस्कार योजना वर्ष 2016-17
3) राष्ट्रीय स्तरीय – महात्मा ज्योतिबा फुले, राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान (2019)
4) राज्य स्तरीय - महात्मा ज्योतिबा फुले, शिक्षक सम्मान

**शोधपत्र प्रकाशित -** राष्ट्रीय स्तर (03) – CSVTU journal - 02
JMSDM Bhopal - 01
अंतरराष्ट्रीय स्तर (12) – AMSE Journal, France - 10
Fuzzy sets and system, USA – 01
IJO Journals – 01

**Reviewer-** 1) AMSE International Journals, France
2) Vigyan Prakash Research Journal of Science and Technology

**शोध क्षेत्र- मेकेनिकल इंजीनियरिंग, पॉवर प्लांट, फज़ी लॉजिक**

**संपादकीय-**

यह अत्यंत गर्व एवं हर्ष की बात है कि संस्था के न्यूज़लेटर का हमारा प्रथम प्रयास आप सभी की उम्मीदों पर खरा उतरा, इसी ख़ुशी के साथ हम संस्था के न्यूज़लेटर के द्वितीय अंक का प्रकाशन कर रहे हैं | संस्था के प्रत्येक विभाग की उपलब्धियों को हमने इस न्यूज़लेटर के माध्यम से आप सभी तक पहुचने का प्रयास पुरे लगन से किया है |

हमारा यह न्यूज़लेटर का यह प्रयास, अत्यंत हर्ष के साथ तथा सभी के उम्मीदों पर खरा उतरने के प्रयासरत |

## Vision of the Institute

To be a quality technical institute that will transform the Students to be skilled manpower and socially receptive Citizens.

## Mission of the Institute –

- Achieve improved teaching-learning process and industry integrated interactions to meet the need of the engineering Environment.
- Empower the students with knowledge, attitude and skill of employability, entrepreneurship and professionally ethical citizens.

Government Polytechnic Bhatapara, Village Deori Road, Dist- Baloudabazar-Bhatapara, 493118 (C.G.)

E-mail- gpbhatapara@gmail.com Website- gpbhatapara.ac.in